का पातन एवं तत्स्वरूप विघटन होता है। विभंग (Fracture) मोटे तौर पर भूतल की सतह के समानांतर विकसित होता है। भूमि के वक्र सतह वाले क्षेत्रों में चाप विभंग द्वारा शैलों की भारी चादरें या अपशल्कन पट्टियाँ निर्मित करने की प्रवृत्ति पायी जाती है। भारविहीनीकरण (Unloading) एवं दबाव मुक्त होने के कारण विस्तारण से उत्पन्न अपशल्कन चादरों का क्षैतिज विस्तार सैकड़ों या यहाँ तक कि हजारों मीटर तक हो सकता है। बड़े, चिकने गोलाकार गुंबद को अपशल्कन गुंबद कहते हैं (चित्र 6.3) जो इस प्रक्रिया के द्वारा बनता है।

### *तापक्रम में परिवर्तन एवं विस्तारण (Temperature changes and expansion)*

शैलों में विद्यमान विभिन्न प्रकार के खनिजों में स्वयं के विस्तारण एवं संकुचन की अपनी सीमाएँ होती हैं। तापक्रम बढ़ने के साथ प्रत्येक खनिज फैलता है एवं अपने निकटस्थ खनिज को दबाता है तथा तापक्रम गिरने के साथ उसमें तदनुसार संकुचन होता है। तापक्रम में दैनिक परिवर्तन के कारण शैलों के छिछले संस्तरों के खनिज कणों में आंतरिक संचलन नियमित रूप से होता रहता है। यह प्रक्रिया शुष्क जलवायु एवं अधिक ऊँचे क्षेत्रों में,



**चित्र 6.4 : अपशल्कन एवं कणीय विघटन**

जहाँ दैनिक तापक्रमांतर बहुत अधिक होता है, सर्वाधिक प्रभावशाली होती है। जैसा कि पहले उल्लेख किया जा चुका है कि ये संचलन बहुत लघु होते हैं परंतु अनवरत श्रांति (Fatigue) से शैलों को बहुत कमजोर बना देते हैं। शैलों के सतही संस्तरों में उनकी गहराई के संस्तरों की अपेक्षा विस्तारण की प्रवृत्ति अधिक होती है, जिसके कारण शैलों के अंदर प्रतिबल (Stress) उत्पन्न होता है, परिणामस्वरूप सतह के समानांतर अनुप्रस्थ विस्थापन एवं विभंग विकसित हो जाते हैं। गर्म तथा ठंडा होने में विभेद एवं भिन्नता होने के कारण सतह के संस्तर में होने वाले फैलाव तथा संकुचन और तत्पश्चात् धरातल से अपशल्कन के कारण शैलों में चिकनी, गोलाकार सतहों का निर्माण होता है। ग्रेनाइट शैलों में इस प्रक्रिया से चिकनी सतह के छोटे से लेकर बड़े गोलाश्मों का निर्माण होता है, जिसे *टॉर* कहते हैं।

अपशल्कित गुंबद एवं अपशल्कित टॉर के मध्य क्या अंतर होता है?

### *हिमकरण, पिघलन एवं तुषार वेजिंग (Freezing thawing and frost wedging)*

शैलों के रंध्रों एवं दरारों में बार-बार हिमकरण एवं पिघलन के होने से हिम की वृद्धि के कारण तुषार अपक्षय घटित होता है। यह प्रक्रिया मध्य अक्षांशों में अधिक ऊँचाइयों, जहाँ हिमकरण एवं पिघलन की प्रायः पुनरावृत्ति होती है, में सर्वाधिक प्रभावशाली होती है। जल का तीव्रता से हिमकरण इसके अचानक फैलाव एवं उच्च दबाव का कारण बनता है। यह फैलाव संधियों (Joints) दरारों एवं छोटी-छोटी अंतर्कणीय (Intergranular) विभंगों को प्रभावित कर उन्हें तब तक चौड़ा करता जाता है जब तक शैलें टूटकर अलग नहीं हो जातीं।

### *लवण अपक्षय (Salt weathering)*

शैलों में नमक तापीय क्रिया, जलयोजन एवं क्रिस्टलीकरण के कारण फैलता है। कैल्शियम, सोडियम, मैग्नेशियम, पोटैशियम एवं बोरियम जैसे कई लवणों में आयतनिक फैलाव की प्रवृत्ति होती है। इन लवणों का फैलाव उनके तापक्रम एवं तापीय विशेषताओं पर निर्भर करता है। रेगिस्तानों में 30° से॰ से 50° से॰ तक का सतह पर उच्च तापक्रम लवण विस्तारण में सहायक होता है। सतह के निकटस्थ रंध्रों में लवण के क्रिस्टल शैलों के पृथक कणों में विपाटन पैदा कर देते हैं जो अन्ततः गिर जाते हैं। पृथक कणों के गिरने की यह प्रक्रिया कणिक विघटन या कणिक शल्कन का कारण बन सकती है।

सभी लवण विघटन प्रक्रियाओं में लवण क्रिस्टलन सर्वाधिक प्रभावकारी है। आर्द्रता एवं शुष्कन के एकांतर

स्तंभ (Telephone pole) को अपनी लंबवत् (Vertical) स्थिति से झुके हुए तथा संरेखण (Alignment) में देखा है? यदि देखा है तो वह मंद विरूपण का प्रभाव है- इसमें सम्मिलित पदार्थों के आधार पर अनेक प्रकार के मंद विरूपण जैसे- मिट्टी मंद विरूपण, टैलस मंद विरूपण, शैल हिमानी मंद विरूपण आदि की पहचान की जा सकती है। इस वर्ग में मृदा विरूपण भी सम्मिलित होता है जिसका संबंध ढाल के सहारे मंद गति से प्रवाहित मृदा के अंबार अथवा पानी से स्नेहित या संतृप्त सूक्ष्म कण वाले शैल मलवा से होता है। यह प्रक्रिया उन क्षेत्रों में आम होती है जहाँ परिहिमानीय एवं आर्द्र शीतोष्ण क्षेत्र होते हैं, जहाँ पर गहराई तक हिमकृत मैदान का सतही पिघलाव होता है तथा वहाँ लंबी लगातार वर्षा होती है। जब ऊपरी भाग संतृप्त (हो जाता है) एवं (जब) निम्न भाग जल के लिए अप्रवेश्य हो तो ऊपरी भागों में प्रवाह होता है।

### तीव्र संचलन (Rapid movements)

ये संचलन आर्द्र जलवायु प्रदेशों में निम्न से लेकर तीव्र ढालों पर घटित होते हैं। संतृप्त चिकनी मिट्टी या गादी धरातल-पदार्थों का निम्न अंशों वाली वेदिकाओं या पहाड़ी ढालों (Sides) के सहारे निम्नान्मुख संचलन मृदा-प्रवाह (Earth flow) कहलाता है। प्रायः पदार्थ सीढ़ी के समान वेदिकाएँ बनाते हुए अवसर्प कर जाते हैं तथा अपने शीर्ष के पास चापाकार कगार तथा पदांगुलि के पास एकत्रित उभार छोड़ जाते हैं। जब ढाल तीव्रतर होते हैं तो आधार शैल, विशेषकर कोमल (Soft) परतदार शैल, जैसे शेल या गहराई से अपक्षयित आग्नेय शैल, भी ढाल के नीचे स्खलित हो जाती हैं।

इस वर्ग में दूसरा प्रकार है कीचड़ प्रवाह (Mud flow)। वनस्पति आवरण के अभाव एवं भारी वर्षा के कारण अपक्षयित पदार्थों के मोटे संस्तर जल से संतृप्त हो जाते हैं एवं धीरे-धीरे अथवा तीव्रता से निश्चित वाहिकाओं (Channel) के सहारे नीचे की ओर प्रवाहित होने लगते हैं। यह एक घाटी के अंदर कीचड़ की नदी-सी दिखाई पड़ती है। जब कीचड़ प्रवाह वाहिकाओं से बाहर निकल कर गिरिपद (पीडमांट) या मैदान में आते हैं तो वे सड़कों, पुलों एवं मकानों को चपेट में लेते हुए बहुत विध्वंसकारक सिद्ध होते हैं। ऐसे कीचड़ प्रवाह उद्गाररत या हाल में ही उद्गारित ज्वालामुखी के ढालों पर बहुधा पाये जाते हैं। ज्वालामुखीय राख, धूल एवं अन्य खंडित तत्त्व भारी वर्षा के कारण कीचड़ में परिवर्तित हो जाते हैं एवं ढालों पर कीचड़ की नदी या जिह्वा (Tongue) के रूप में प्रवाहित होते हैं। इनसे मानव अधिवासों को बहुत बड़ी क्षति पहुँचती है।


इस प्रकार के संचलन में तीसरा प्रकार मलवा अवधाव (Avalanche), वनस्पति आवरणयुक्त या उससे वंचित आर्द्र प्रदेशों की विशेषता है। यह तीव्र ढालों पर संकीर्ण पथ के रूप में घटित होता है। मलवा अवधाव, कीचड़ प्रवाह से बहुत तीव्रतर होता है तथा हिम अवधाव के समान होता है।

> दक्षिण अमेरिका के ऐंडीज पर्वतों एवं उत्तर अमेरिका के रॉकीज़ पर्वतों में कुछ ऐसे ज्वालामुखी हैं जिनमें पिछले दशक में उद्गार हुआ तथा उनके ढालों पर उद्गार की अवधि में तथा उद्गार के पश्चात् बहुत विनाशकारी कीचड़ प्रवाह हुआ।

### भूस्खलन (Landslides)

भूस्खलन अपेक्षाकृत तीव्र एवं अवगम्य संचलन है। इसमें स्खलित होने वाले पदार्थ अपेक्षतया शुष्क होते हैं। असंलग्न वृहत का आकार एवं आकृति शैल में अनिरंतरता की प्रकृति, क्षरण का अंश तथा ढाल की ज्यामिति पर निर्भर करते हैं। इस वर्ग में पदार्थों के संचलन के प्रकार के आधार पर वर्ग में कई प्रकार के स्खलन पहचाने जा सकते हैं (चित्र 6.6)।

ढाल, जिसपर संचलन होता है, के संदर्भ में पश्च-आवर्तन (Rotation) के साथ शैल-मलवा की एक या कई इकाइयों के फिसलन (Slipping) को अवसर्पण कहते हैं। (चित्र 6.6)। पृथ्वी के पिंड के पश्च-आवर्तन के बिना मलवा का तीव्र लोटन (Rolling)



**चित्र 6.7 : भारत-नेपाल सीमा, उत्तर प्रदेश में शारदा नदी के निकट शिवालिक हिमालय शृंखलाओं में भूस्खलन स्कार**

